भावना के निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनाँक-14-01-2023 को सम्पन्न,सप्तम शीतकालीन सहायता शिविर की संक्षिप्त रिपोर्ट

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,दिनाँक 14-01-2023 को,सप्तम् शीतकालीन सहायता शिविर,जनपद लखनऊ के मोहान रोड,बुद्धेश्वर स्थित राजकीय दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। शिविर में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत खिचड़ी बनाने का सामान अर्पित किया गया।भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समर्पित भाव से पठन-पाठन करने हेतु प्रेरित किया।उपस्थित भावना के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों को शुभाशीष दिया और उन्नति व सफलता की कामना की। कार्यक्रम के उपरान्त बच्चों को हल्का नाश्ता वितरित किया गया।छात्रावास के अध्यक्ष श्री धर्मराज(दृष्टिबाधित) ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला,प्रकोष्ठ के सचिव एवं संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,महासचिव (कार्यान्वयन)श्री जग मोहन लाल जायसवाल संप्रेक्षक श्री मनोज कुमार गोयल,सदस्य श्री दीनबंधु यादव आदि तथा विद्यालय छात्रावास के अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रभात किरण चौरसिया
सचिव एवं संयोजक
ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ।